# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, चित्रकूट

पत्रांकः 3639 - 43 /2025–26 दिनांकः 07/08/2025

समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी,
जनपद–चित्रकूट।

**विषय–** विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025, मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रांत समन्वयक विद्यार्थी विज्ञान मंथन के पत्र संख्या/वि0भा0उ0प्र0वि0वि0मं0/2025/0003 दिनांक 07 अगस्त 2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जो विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025, मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के सम्बंध में है। उक्त पत्र दिनांक 07.08.2025 के माध्यम से विज्ञान भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद व राष्ट्रीय साइंस म्यूजियम काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025, मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र–छात्राएं सम्मिलित हो सकते हैं। पत्र दिनांक 07.08.2025 में उक्त प्रतियोगिता के सम्बंध में जानकारी विस्तृत रूप से दी गयी है।

अतः उक्त पत्र दिनांक 07.08.2025 की प्रति संलग्न करते हुए आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्र में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए बेसिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन विकासखण्ड में संचालित समस्त विद्यालयों में उक्त का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए कक्षा 6 से 8 तक के प्रत्येक विकासखण्ड से कम से कम 02 मेधावी विद्यार्थियों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

उक्त के क्रम में अधिक जानकारी एवं सुविधा हेतु जिला समन्वयक श्री राजेश कुमार सिंह (मो0न0– 9696144449) से पूर्ण सहयोग लिया जा सकता है।

(बी0के0 शर्मा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
चित्रकूट

**पृष्ठ संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार**
**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, चित्रकूट।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, चित्रकूट।
3. प्रांत समन्वयक विद्यार्थी विज्ञान मंथन।
4. बेसिक शिक्षा विभाग जनपद चित्रकूट के नियंत्रणाधीन समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/इं0प्रधानाध्यापक।
5. कार्यालय पत्रावली।

07/08/2025
(बी0के0 शर्मा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
चित्रकूट

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, चित्रकूट

पत्रांकः 3639-43 /2025–26 दिनांकः 07/08/2025

समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी,
जनपद–चित्रकूट।

**विषय**– विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025, मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक प्रांत समन्वयक विद्यार्थी विज्ञान मंथन के पत्र संख्या/वि0भा0उ0प्र0वि0वि0मं0/2025/0003 दिनांक 07 अगस्त 2025 का संदर्भ ग्रहण करें, जो विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025, मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन के सम्बंध में है। उक्त पत्र दिनांक 07.08.2025 के माध्यम से विज्ञान भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद व राष्ट्रीय साइंस म्यूजियम काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025, मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 8 तक के छात्र–छात्राएं सम्मिलित हो सकते हैं। पत्र दिनांक 07.08.2025 में उक्त प्रतियोगिता के सम्बंध में जानकारी विस्तृत रूप से दी गयी है।

अतः उक्त पत्र दिनांक 07.08.2025 की प्रति संलग्न करते हुए आपको निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्र में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए बेसिक शिक्षा विभाग के नियंत्रणाधीन विकासखण्ड में संचालित समस्त विद्यालयों में उक्त का व्यापक प्रचार–प्रसार करते हुए कक्षा 6 से 8 तक के प्रत्येक विकासखण्ड से कम से कम 02 मेधावी विद्यार्थियों का पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें।

उक्त के कम में अधिक जानकारी एवं सुविधा हेतु जिला समन्वयक श्री राजेश कुमार सिंह (मो0न0– 9696144449) से पूर्ण सहयोग लिया जा सकता है।

07/08/2025

(बी0के0 शर्मा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
चित्रकूट

पृष्ठ संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार
**प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. जिलाधिकारी महोदय, चित्रकूट।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, चित्रकूट।
3. प्रांत समन्वयक विद्यार्थी विज्ञान मंथन।
4. बेसिक शिक्षा विभाग जनपद चित्रकूट के नियंत्रणाधीन समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/इं0प्रधानाध्यापक।
5. कार्यालय पत्रावली।

(बी0के0 शर्मा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
चित्रकूट



Laptop/E/ DC CIVIL latter

विद्यार्थी विज्ञान मंथन
डी-12, साउथ एक्सटेंशन, भाग-1,
नई दिल्ली - 110049
वेबसाइट: https://vvm.org.in
ई-मेल: office@vvm.org.in
दूरभाष: 011-49032436; 9899615277

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन
# VIDYARTHI VIGYAN MANTHAN

Vidyarthi Vigyan Manthan
D-12, South Extension, Part-I,
New Delhi - 110049
Website: https://vvm.org.in
Email Id: office@vvm.org.in
Landline: 011-49032436; 9899615277

MENTORS AND PATRONS
Dr. V. K. Saraswat, Member, NITI Aayog
Prof. Abhay Karandikar, Secretary, DST
Prof. Dinesh Prasad Saklani, Director, NCERT
Sh. A. D. Choudhury, Director General, NCSM
Prof. Chandrabhas Narayana, Director, RGCB (DBT)
Sh. Rahul Singh, IAS, Chairman, CBSE
Dr. R. A. Mashelkar, FRS, Former DG, CSIR
Prof. Anil Kakodkar, Former Chairman, DAE
Dr. Vijay P. Bhatkar, Former Chancellor, Nalanda University
Dr. S. Somanath, Former Chairman, ISRO
Sh. Arun Poddar, Group Chairman, B.P. Poddar Group
Sh. Ravindra Chamaria, Chairman & MD, Infinity Group
Sh. Prabhat Jain, Co-Founder, Pathways Group of Schools
Sh. Aakash Chaudhry, Co-Founder & Chief Mentor, AESL & Founder & Trustee, Plaksha University
Dr. Shekhar C. Mande, National President, VIBHA
Dr. Shiv Kumar Sharma, National Organising Secretary, VIBHA
Sh. Vivekananda Pai, Secretary General, VIBHA
ORGANISING TEAM
NATIONAL CONVENOR
Dr. Prashant Kodgire, Indian Institute of Technology, Indore
NATIONAL CO-CONVENOR
Dr. Kailash N. Bhardwaj, NCSM, Kolkata
NATIONAL CO-CONVENOR
Dr. Sunita Farkya, NCERT, Delhi
CONTROLLER OF EXAMINATION
Dr. Brajesh Pandey, Indian National Science Academy
ACADEMIC HEAD
Dr. Neeru Bhagat, St. Mira's College for Girls, Pune
REGISTRATION & OUTREACH
NATIONAL COORDINATOR
Sh. Naresh Chafekar, National Governing Council Member, VIBHA
RUAN MENTORSHIP
CONVENOR
Dr. Selvakumar Sudhakar, CSIR-CECRI, Karaikudi

वि०भा०उ०प्र०वि०वि०मं०/2025/0003 — दिनांक: 07 अगस्त 2025

सेवा में,
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, चित्रकूट ।

विषय– विधार्थी विज्ञान मंथन 2025, मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगिता परीक्षा के आयोजन संबंध में।

महोदय,

विज्ञान भारती, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान परिषद (NCERT) व राष्ट्रीय साइंस म्यूजियम काउंसिल (NCSM) द्वारा संयुक्त रूप से विधार्थी विज्ञान मंथन 2025, मेधावियों की खोज हेतु प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 11 तक सभी बोर्ड के विधार्थी vvm.org.in पर पंजीकरण कर सम्मिलित हो सकते हैं। परीक्षार्थियों को कक्षा VI, VII को 28 अक्टूबर, 2025 एवं/अथवा 31 अक्टूबर 2025, कक्षा VIII, IX को 29 अक्टूबर 2025 एवं/अथवा 01 नवम्बर 2025 कक्षा X, XI को 30 अक्टूबर 2025 एवं अथवा 02 नवम्बर 2025 को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक (90) मिनट) परीक्षा में शामिल होना है। 07 नवम्बर, 2025 को परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा।
प्रत्येक राज्य से प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 25 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को एक अथवा दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर (एस.एल.सी.) में भाग लेने के लिये चुना जायेगा प्रत्येक कक्षा के शीर्ष दो विधार्थी, अर्थात प्रत्येक राज्य से कुल 12 विधार्थियों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को जनपद स्तरीय प्रमाण पत्र दिये जायेगें। प्रतिभागियों का 90 मिनट में 100 सवालों के जवाब देने होंगे। अधिकतर प्रश्न एप्लीकेशन बेस्ड होंगें। विधार्थी विज्ञान मंथन के लिये आवेदन करने की अन्तिम तिथि दिनांक 30 सितम्बर 2025 है। पंजीकरण शुल्क रूपये 200 निर्धारित किया गया है।
विधार्थी विज्ञान मंथन 2025–26 संस्करण में भाग लेने वाले बच्चों को विशेष अवसर प्रदान करेगा जिसमें प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप (01 से 03 सप्ताह) राष्ट्रीय (हिमालयी) और क्षेत्रीय विजेताओं को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशाला या डी०आर०डी०ओ०, इसरो, सी०एस०आई०आर०, बी०ए०आर०सी० आदि प्रमुख शोध संस्थान में से किसी एक में अवसर मिलेगा साथ ही रूपये 2000 प्रतिमाह का भास्कर छात्रवृत्ति भी दी जाएगी। एक वर्ष के लिये राष्ट्रीय विजेता, (हिमालयी) को एक विशिष्ट परियोजना गतिविधि सौंपी जायेगी जिनका समय–समय पर मूल्यांकन किया जायेगा।
अतः आपसे अनुरोध है कि गत वर्ष की भाँति (आदेश संलग्न) चित्रकूट जिले के सभी विद्यालयों के लिये आदेश जारी करने की कृपा करें आपकी महान दया होगी। विधार्थी विज्ञान मंथन, चित्रकूट जिला के समन्वयक के रूप में श्री राजेश कुमार सिंह (9696144449) द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान किया जायेगा।

संलग्नक–
1. गतवर्ष विधार्थी विज्ञान मंथन हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक, चित्रकूट महोदय द्वारा निर्गत पत्र। बांदा
2. पंजीकरण फार्म।
3. विधार्थी विज्ञान मंथन 2025–26 का सूचना ब्रोशर।

भवदीय

आशुतोष

(डॉ. आशुतोष तिवारी)
प्रांत समन्वयक विधार्थी विज्ञान मंथन
मो. 9670000024

## राज्य स्तरीय शिविर (एस.एल.सी.)

**चरण - 3:** प्रत्येक राज्य से प्रत्येक कक्षा के शीर्ष 25 स्थान प्राप्त करने वालों को एक अथवा दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर (एस.एल.सी.) में भाग लेने के लिए चुना जाएगा। यह शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा। राज्य स्तरीय शिविर में अनुप्रयोग-उन्मुख बहुविकल्पीय प्रश्न, प्रायोगिक गतिविधियाँ, अवलोकन एवं विश्लेषण, स्थितिजन्य समस्या समाधान क्षमता तथा अन्य गतिविधियों की श्रृंखला शामिल होगी।

## राष्ट्रीय शिविर (एन.एल.सी.)

**चरण - 4:** प्रत्येक कक्षा के शीर्ष दो विद्यार्थी, अर्थात प्रत्येक राज्य से कुल 12 विद्यार्थियों को दो दिवसीय राष्ट्रीय शिविर में आमंत्रित किया जाएगा। राष्ट्रीय शिविर (एन.एल.सी.) में प्रायोगिक कौशल परीक्षणों के अतिरिक्त प्रस्तुतियाँ; वैज्ञानिक समझ, नवाचार, रचनात्मकता, परंपरागत सीमाओं से परे चिंतन एवं नेतृत्व क्षमता के आकलन हेतु विभिन्न गतिविधियाँ शामिल होंगी।

## सृजन

विद्यार्थी विज्ञान मंथन 2025-26 संस्करण के अंतर्गत राष्ट्रीय (हिमालयन) एवं क्षेत्रीय विजेताओं को डी.आर.डी.ओ., इसरो, सी.एस.आई.आर., बी.ए.आर.सी. आदि जैसी किसी एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रयोगशाला अथवा शीर्ष अनुसंधान संस्थान में 1 से 3 सप्ताह का व्यापक प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जाएगा।

## भास्कर छात्रवृत्ति

विद्यार्थी विज्ञान मंथन राष्ट्रीय विजेताओं (हिमालयन) के लिए एक वर्ष की अवधि के लिए ₹2000/- प्रति माह की भास्कर छात्रवृत्ति प्रारंभ कर रहा है। सृजन कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक हिमालयन को एक विशिष्ट परियोजना/गतिविधि सौंपी जाएगी। छात्र संलग्नता टीम द्वारा आकलन के आधार पर छात्रवृत्ति त्रैमासिक आधार पर जारी की जाएगी।



### वीवीएम द्वारा प्रतिभागियों प्रतिभागियों के लिए प्रदान किए जाने वाले अद्वितीय अवसर

| | | | |
|---|---|---|---|
| अनुभवात्मक अधिगम एवं प्रायोगिक गतिविधियाँ | भारत के वैज्ञानिक योगदानों की समृद्ध धरोहर का परिचय | भारतीय ज्ञान परंपरा के माध्यम से राष्ट्रीय गर्व की भावना का पोषण | सहपाठी मूल्यांकन एवं समीक्षण |
| व्यापक 360-डिग्री मूल्यांकन | देश भर के प्रतिभाशाली सहपाठियों से मिलना तथा उनसे सीखने का अवसर | प्रख्यात वैज्ञानिकों एवं शिक्षाविदों से मार्गदर्शन | राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं (इसरो, सी.एस.आई.आर., डी.आर.डी.ओ., आई.आई.टी., आई.आई.एस.ई.आर., एन.आई.टी. आदि) के भ्रमण |
| विज्ञान में व्यक्तित्व विकास एवं नेतृत्व कौशल | समग्र बाल विकास | कार्यपथ विकास के लिए स्वयं की क्षमता की पहचान | समाज सेवा हेतु इच्छाशक्ति का विकास |

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट देखें: https://vvm.org.in

वीवीएम सचिवालय, विज्ञान भारती (विभा),
डी-12, साउथ एक्सटेंशन I, नई दिल्ली - 110049

दूरभाष संख्या 011-49032436
व्हाट्सएप 9899615277
ई-मेल आईडी office@vvm.org.in
वेबसाइट https://vvm.org.in

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम)

उदीयमान भारत हेतु डिजिटल-आधारित तथा सबसे बड़ी विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा



https://vvm.org.in/

**विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम):** विज्ञान भारती (विभा) की पहल पर आयोजित एक विज्ञान-आधारित परीक्षा है, जो राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् (एन.सी.ई.आर.टी.) - शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक संस्थान तथा राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद् (एन.सी.एस.एम.) - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संस्था - के सहयोग से आयोजित की जाती है।

वीवीएम कक्षा VI से XI तक के छात्रों के लिए अभिकल्पित किया गया एक अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य वैज्ञानिक अभिरुचि वाले अत्यधिक प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करना एवं उन्हें पोषित करना है। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एन.ई.पी.) के अनुरूप है तथा इसका उद्देश्य विद्यालय स्तर के छात्रों में वैज्ञानिक विरासत एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है।

## वीवीएम परीक्षा के मुख्य उद्देश्य हैं:







1. विद्यार्थियों में मूलभूत विज्ञान के प्रति रुचि जागृत करना।
2. विद्यालय स्तर के बच्चों को पारंपरिक से लेकर आधुनिक काल तक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत के योगदान के बारे में शिक्षित करना।
3. प्रायोगिक कौशल परीक्षणों के माध्यम से विद्यार्थियों को व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना।
4. वैज्ञानिक मानसिकता वाले विद्यार्थियों की पहचान के लिए प्रतिस्पर्धी परीक्षाएँ आयोजित करना।
5. विद्यार्थियों को विज्ञान के क्षेत्र में आगे की शिक्षा हेतु तैयार करने के लिए मार्गदर्शक प्रदान करना ।
6. राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर सफल विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें सम्मानित करना।
7. विजेताओं के लिए देश के विभिन्न अनुसंधान एवं विकास संस्थानों में शैक्षिक भ्रमण आयोजित करना।
8. अपनी अनूठी विशिष्ट शैक्षिक योग्यता परीक्षा के माध्यम से वैज्ञानिक अभिरुचि पहचानना एवं उसे पोषित करना।

परीक्षा अंग्रेज़ी, हिन्दी, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम, मराठी, गुजराती, पंजाबी, बंगाली, उड़िया, असमिया, संस्कृत एवं उर्दू (प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं) में आयोजित की जाएगी।

| विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा : चरण - I | | |
|---|---|---|
| **कक्षा** | **तिथि** | **समय** |
| VI, VII | 28 अक्टूबर, 2025 एवं/ अथवा 31 अक्टूबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (90 मिनट) |
| VIII, IX | 29 अक्टूबर, 2025 एवं/ अथवा 01 नवंबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (90 मिनट) |
| X, XI | 30 अक्टूबर, 2025 एवं/ अथवा 02 नवंबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (90 मिनट) |
| **विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा : चरण – II** | | |
| VI, VII, VIII, IX, X, XI | 19 नवंबर, 2025 एवं/ अथवा 23 नवंबर, 2025 | प्रातः 10:00 – सायं 06:00 (45 मिनट) |

- परीक्षा तिथि पर किसी भी विद्यार्थी द्वारा प्रातः 10:00 बजे से पूर्व अथवा सायं 06:00 बजे के उपरांत लॉगिन नहीं किया जा सकेगा एवं न ही ऐसा करने की अनुमति दी जाएगी।
- विद्यार्थी पूर्वनियोजित परीक्षा कार्यक्रम के अनुसार परीक्षा चरण-I/ चरण-II की तिथि-1 अथवा तिथि-2 पर मात्र एक बार ही लॉगिन कर सकते हैं।

**परिणाम घोषणा:**
(चरण – I): 07 नवंबर, 2025
(चरण – II): 27 नवंबर, 2025

**पंजीकरण शुल्क:**
व्यक्तिगत अथवा विद्यालय के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले विद्यार्थियों को ₹200/- शुल्क देय होगा।

**पंजीकरण की अंतिम तिथि: 30 सितंबर, 2025**



## विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा (कक्षावार): चरण - I

**चरण - I** विद्यालय स्तरीय परीक्षा 1 घंटा 30 मिनट की अवधि की होगी, जिसमें 100 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे – प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा। परीक्षा दो खंडों में आयोजित होगी:

**खंड-क:** भारत का विज्ञान में योगदान एवं डॉ. सत्येंद्र नाथ बोस के जीवन पर आधारित अध्ययन सामग्री से 40 प्रश्न (अध्ययन सामग्री विज्ञान भारती द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी)।

**खंड-ख:** वीवीएम पाठ्यक्रम (एन.सी.ई.आर.टी. एवं विभिन्न राज्य शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रमों के अनुसार) तथा तर्क एवं युक्तिक्षमता (मुक्त स्रोत) पर आधारित 60 प्रश्न । विस्तृत पाठ्यक्रम वीवीएम की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## विद्यालय स्तरीय ऑनलाइन परीक्षा (कक्षावार): चरण – II

**चरण - II** विद्यालय स्तरीय परीक्षा 45 मिनट की होगी, जिसमें 50 बहुविकल्पीय प्रश्न (एम.सी.क्यू.) होंगे, जिनमें प्रत्येक प्रश्न के एक से अधिक सही उत्तर हो सकते हैं। प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का होगा तथा गलत उत्तरों पर 0.5 अंक की कटौती (ऋणात्मक अंकन) होगी। परीक्षा दो खंडों में आयोजित होगी:

**खंड-क:** भारत का विज्ञान में योगदान एवं डॉ. सत्येंद्र नाथ बोस के जीवन पर आधारित अध्ययन सामग्री से 15 प्रश्न।

**खंड-ख:** वीवीएम पाठ्यक्रम के अनुरूप 35 प्रश्न, जिसमें एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तकों, विभिन्न राज्य शिक्षा बोर्डों के पाठ्यक्रमों से सामग्री ली गई है तथा मुक्त स्रोत से तर्क एवं युक्तिक्षमता से संबंधित प्रश्न शामिल होंगे।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन हेतु पंजीकरण फार्म

छात्र का नाम–....................

जन्मतिथि–................

पिता का नाम–...............

पता–................................................................................

छात्र का आधार नंबर–................

छात्र/पिता का मो0 नं0–.................

छात्र की ई–मेल आई0डी0–..........................................

माध्यम एवं स्कूल का नाम–........................................

कक्षा–..........